कोटद्वार, बुधवार
24 अप्रैल 2024
वर्ष: 45
अंक: 347 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हुई एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एम्स ऋषिकेश के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए एम्स ऋषिकेश पहुंची। इस दौरान उन्होंने छात्रों को उपाधियां और मेधावियों छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया। इसके बाद वो परमार्थ निकेतन पहुंचकर गंगा घाट पर गंगा आरती में शामिल हुई। जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देहरादून राजभवन जाएंगी। जिसे लेकर ऋषिकेश का ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि एम्स ऋषिकेश के विद्यार्थियों में छात्राओं की कुल संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े नीति निर्धारण से लेकर, टर्शीएरी हेल्थ केयर जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती हुई भागीदारी एक बहुत बड़े और अच्छे




सामाजिक बदलाव की पहचान है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सहित, भारतीय परंपरा की उपचार पद्धतियों के लिए उत्तराखंड में अनेक लोकप्रिय स्वास्थ्य केंद्र सेवारत हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी की जान बचाने से जो संतोष मिलता है, उसे केवल एक डॉक्टर ही समझ सकता है। आप सभी विद्यार्थियों को हेल्थकेयर प्रोफेसनलस के रूप में अपनी निष्ठा सिद्ध करनी है, ताकि आपको एक्सपर्ट क्लीनिकल टच के साथ-साथ आपके स्पेशल हेयलिंग टच के लिए याद किया जाए। उन्होंने कहा कि जो मरीज बहुत साधन के संपन्न होते हैं, उनके पास अनेक विकल्प होते हैं। लेकिन, आपके पास जो सामान्य मरीज आते हैं, उसके लिए आप ही सबसे बड़ा सहारा होते हैं।

बता दें कि आज 23 अप्रैल को एम्स ऋषिकेश में चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस समारोह की मुख्य अतिथि हैं। राष्ट्रपति परमार्थ निकेतन में गंगा आरती में शामिल हुई, जिसके बाद वो देहरादून राजभवन जाएंगी। जिसे लेकर ऋषिकेश का ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है। 598 छात्रों को दी गई उपाधिः दीक्षांत समारोह में मेडिकल के 598 छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। जबकि, टॉपर छात्र-छात्राओं को 14 गोल्ड, 1 सिल्वर और 1 कांस्य समेत 16 पदकों से नवाजा जाएगा। इससे पहले तीन बार 3 नवंबर 2018, 14 मार्च 2020 और 13 जुलाई 2023 को एम्स में दीक्षांत समारोह आयोजित किए जा चुके हैं।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी का 54वां दीक्षांत समारोह आज, राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी शिरकत

देहरादून। आज 24 अप्रैल को देहरादून वन अनुसंधान संस्थान के परिसर में मौजूद इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में 54वें भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थियों के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी और मानद उपाधि प्रदान करेंगी। बता दें कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। राष्ट्रीय वन अकादमी में 2022–24 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के तहत 99 भारतीय वन सेवा परिवीक्षार्थी के साथ भारत के मित्र राष्ट्र भूटान के भी 2 विदेशी प्रशिक्षु अधिकारियों का प्रशिक्षण पूरा होने जा रहा है। वर्तमान बैच से सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश के 15 अधिकारी कल पास आउट होंगे।

## ईडी का एक्शन, शेख शाहजहां के छोटे भाई के खिलाफ जारी किया लुकआउट नोटिस

कोलकाता ,ईडी ने मंगलवार को निलंबित तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया।

सूत्रों के अनुसार, ईडी ने सिराजुद्दीन को कई बार समन भेजा था, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। इसके बाद अब ईडी ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है।

सिराजुद्दीन के देश से भाग जाने की आशंका के चलते ईडी ने भारत के सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों और सीमा चौकियों को अलर्ट कर दिया है। इसके अलावा सिराजुद्दीन की तस्वीरों सहित महत्वपूर्ण जानकारी इमिग्रेशन अधिकारियों को भेज दी गई है। इस बीच ईडी अधिकारियों ने शेख शाहजहां के एक और छोटे भाई शेख आलमगीर को हिरासत में ले लिया है, जिसे पहले सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

## हरीश रावत ने दिया कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं को करारा जवाब

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं को करारा जवाब दिया। उन्होंने सबसे पहले पार्टी छोड़ने वाले नेताओं पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, जैसे समुद्र की मौजें होती हैं, जब तलछट (सेडिमेंट) ज्यादा हो जाता है तो समुद्र उसे बाहर फेंक देता है, इसी तरह कांग्रेस भी एक समुद्र के समान है, और इससे भी कुछ तलछट बाहर निकल गए तो इससे कांग्रेस और साफ हो गई है। वहीं, बीजेपी में शामिल होने वाले नेताओं को लेकर हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार कहती आ रही है कि भाजपा भ्रष्टाचारियों के पीछे ईडी-सीबीआई जैसी एजेंसियां लगाकर उनको अपने पाले में कर रही है, और भ्रष्टाचारी नेता भाजपा की वाशिंग मशीन में डुबकी लगाकर अपने आप को पाप मुक्त कर रहे हैं।

हरीश रावत ने लैंसडाउन विधानसभा से भाजपा विधायक दलीप रावत की पोस्ट को आधार बनाते हुए कटाक्ष किया कि भाजपा के एक विधायक जो महंत भी




हैं, उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है कि 'राम तेरी गंगा मैली हो गई पापियों के पाप धोते-धोते।' उनको इस बात की खुशी है कि जो बात कांग्रेस बीते चार-पांच महीनों से कहती आ रही है, अब उनके नेता भी वही बात बोलने लग गए हैं। हरीश रावत का कहना है कि यह आम भाजपाइयों की व्यथा सामने निकल कर आ रही है। यही आम भाजपाई स्वयं दूसरे और तीसरे चरण के होने जा रहे मतदान में पापियों से भरी हुई भाजपा को दंडित करने जा रहे हैं।

# सेना पर खर्च करने के मामले में भारत दुनियां का चौथा देश बना

### सिपरी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

नई दिल्ली ,भारत सेना पर सबसे ज्यादा खर्च वालों की लिस्ट में दुनिया का चौथा बड़ा देश है। इसकी जानकारी स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पड़ोसी देश चीन के बढ़ते सैन्य खर्च और क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने पड़ोसी मुल्कों के भी खर्च को बढ़ा दिया है। इसी बीच जापान और ताइवान ने भी अपने सैन्य वजट में 11 प्रतिशत का इजाफा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 के मुकाबले भारत ने अपनी सेना पर 4.2 प्रतिशत अधिक खर्च किया।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में अपनी सेना पर सबसे ज्यादा अमेरिका ने खर्च किया है। दूसरे नंबर नंबर पर चीन और तीसरे स्थान पर रूस है। भारत का नाम चौथे पायदान पर है। भारत साल 2022 में भी सेना पर खर्च करने वाले देशों की



लिस्ट में चौथे स्थान पर था। भारत ने पिछले साल 2023 में 83.6 बिलियन अमेरिका डॉलर खर्च किया।

रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन का सैन्य खर्च 51 प्रतिशत बढ़कर 64.80 बिलियन डॉलर हो गया। रूस का सैन्य वजट 24 फीसदी बढ़कर 109 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका ने 2.3 प्रतिशत सैन्य बजट बढ़ाकर 916 बिलियन डॉलर कर दिया। जबकि चीन 6 प्रतिशत बढ़-ाकर 296 बिलियन डॉलर कर दिया। दुनिया में हथियार खरीदने की ऐसी होड़ मची कि वैश्विक सैन्य खर्च 7त्न बढ़कर 2,443 बिलियन डॉलर हो गया। 2023 में वैश्विक सैन्य खर्च में एक दशक की सबसे तेज वृद्धि हुई है। यह इजाफा दुनिया के कई हिस्सों में चल रही जंगों और अन्य वजहों से हुआ है।

## दिव्यांग बच्चों की मां को चाइल्ड केयर लीव देने से मना नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विकलांग बच्चे की देखभाल करने वाली मां को बाल देखभाल अवकाश देने से इनकार करना, कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने के राज्य के संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन होगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने दिव्यांग बच्चों वाली कामकाजी महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने के मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव की



अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का भी निर्देश दिया है।इसमें कहा गया है कि याचिका में एक गंभीर मुद्दा उठाया गया है और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी विशेषाधिकार का मामला नहीं है, बल्कि एक संवैधानिक आवश्यकता है और एक आदर्श नियोक्ता के रूप में राज्य इससे अनजान नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि केंद्र को मामले में पक्षकार बनाया जाए और इस पर निर्णय देने में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से सहायता मांगी।अदालत ने राज्य के अधिकारियों को याचिकाकर्ता महिला (राज्य में बतौर भूगोल विभाग में सहायक प्रोफेसर कार्यरत) को सीसीएल देने की याचिका पर विचार करने का भी निर्देश दिया। उनका बेटा आनुवंशिक विकार से पीड़ित है और जन्म के बाद से उसकी कई सर्जरी हो चुकी हैं। अपने बेटे के इलाज और सीसीएल के लिए प्रदान किए गए केंद्रीय सिविल सेवा नियमों के कारण उनकी स्वीकृत छुट्टियां समाप्त हो गईं।

# धार्मिक परम्पराओं के साथ खुले सिद्धपीठ लाटू मंदिर के कपाट

### छह माह तक मंदिर में श्रद्धालु कर सकेंगे माँ नंदा के धर्म भाई लाटू की पूजा-अर्चना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चमोली जनपद के देवाल विकासखंड के वांण गांव में स्थित माँ नंदा के धर्म भाई लाटू देवता मंदिर के कपाट मंगलवार को विधि विधान से खोल दिए गए हैं। मंदिर में सुबह से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के बाद दोपहर 2 बजकर 10 मिनट पर मंदिर के पुजारी खीम सिंह बिष्ट ने मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए है। अब आगामी छह माह तक श्रद्धालु यहां दर्शनों के साथ लाटू देवता की पूजा अर्चना कर सकेंगे। वांण में लाटू मंदिर के कपाट खुलने के मौके पर जहां धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। वहीं ग्रामीणों ने ढोल और दमाऊ की थाप पर जागरों के साथ झोडा, झुमेला लोकनृत्य कर खुशी व्यक्त की। कपाट खुलने के मौके पर



मंदिर परिसर लाटू देवता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, ब्लाक प्रमुख दर्शन दानू, जिला पंचायत सदस्य कृष्णा सिंह, लाटू मन्दिर समिति अध्यक्ष कृष्णा सिंह बिष्ट, चन्द्र सिंह, पंडित हरिश्चन्द्र कुनियाल, उमेश कुनियाल, रमेश कुनियाल, हीरा सिंह गढ़वाली, देवेंद्र सिंह बिष्ट, खिलाफ सिंह, रंजीत सिंह और नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### अतिथि शिक्षक पदों को रिक्त न मानने का विरोध

देहरादून। राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल और मंत्री डॉ. हेमंत पैन्यूली ने शिक्षा निदेशक द्वारा अतिथि शिक्षकों के पदों को रिक्त ना माने जाने के बयान को न्यायालय की अवमानना करार दिया है।शिक्षक नेताओं ने कहा कि अतिथि शिक्षक व्यवस्था नितांत अस्थायी व्यवस्था है। कोर्ट भी इन पदों को रिक्त माने जाने के आदेश दे चुका है। लेकिन विभाग अब दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों के हितों का ध्यान न रखते हुए अतिथि शिक्षकों के पदों को रिक्त न माने जाने का बयान दे रहा है। जिसका राजकीय शिक्षक संघ विरोध करेगा। मीडिया प्रभारी कमलनयन रतूड़ी ने विभाग पर शिक्षकों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

### जंगलों में लगी आग से वन संपदा राख

टिहरी : ब्लॉक के बालगंगा रेंज के जंगल लगातार जल रहे हैं। बीते जनवरी माह से अब तक कई बार आग लगने से सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि जल चुकी है। इसके साथ ही जंगली जानवरों को भी जान बचाने और पानी की तलाश में नदी किनारे पहुंच रहे है। सेंदुल गांव और केमारिया सौड़ के जंगलों में लगी आग को विभागीय कर्मचारियों ने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन नमी न होने से फिर आग धधक उठी। रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान का कहना है कि विभाग लगातार लोगों को आग से बचाव को लेकर जागरूक कर रहा है। साथ ही विभाग की टीम कंट्रोल बर्निंग कर आग लगने की घटना को कम करने के प्रयास में जुटी है। (एजेंसी)

### अमेरिका में पार्टी के दौरान चली ताबड़तोड़ गोलियां, दो लोगों की मौत, 6 घायल

मेम्फिस ,अमेरिका के टेनेसी राज्य के मेम्फिस शहर में एक पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य छह घायल हो गए। मेम्फिस पुलिस विभाग ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर लिखा स्थानीय समयानुसार शाम 7.19 बजे अधिकारियों ने कार्नेस एवेन्यू के 2400 ब्लॉक में हुई गोलीबारी पर प्रतिक्रिया दी।

## तेलंगाना में टला बड़ा हादसा, 8 साल से बन रहा पुल तेज हवाओं के कारण ढहा

हैदराबाद। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में मनैर नदी पर एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि को ढह गया। हालांकि, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। यह घटना मुथारम मंडल के ओडेडु गांव में घटी। जिसमें तेज हवाओं के कारण दो गार्डर गिर गए। गनीमत यह रही कि यह घटना देर रात को घटी, जिस समय घटनास्थल पर कोई मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने मंगलवार को घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। एक किलोमीटर लंबे पुल पर काम 2016 से चल रहा है। हालांकि, बदलते ठेकेदारों और पैसों की कमी के कारण निर्माण कार्य में लगातार देरी हो रही थी। इस बीच, स्थानीय लोगों ने अंतरिम रूप से एक अस्थायी मार्ग का उपयोग करना शुरू कर दिया है। इस पुल का निर्माण जयशंकर भूपालपल्ली जिले के ओडेडु को गार्मिलपल्ली गांव से जोड़ने के



लिए किया जा रहा है। पुल की नींव 2016 में रखी गई थी। इसकी अनुमानित लागत 47.40 करोड़ रुपये है और इसे एक साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। पुल का निर्माण पूरा होने पर मंथनी और परकल तथा भूपालपल्ली और जम्मीकुंटा कस्बों के बीच की दूरी लगभग 50 किलोमीटर कम होने की उम्मीद है।

## फिलहाल जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल, कोर्ट ने 7 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली ,दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज दिल्ली की रोज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। उनके साथ के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है।

अब 7 मई को अरविंद केजरीवाल की अगली पेशी होगी। सीएम केजरीवाल मंगलवार को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद पेश हुए थे।

इससे पहले आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल की दिल्ली की एक अदालत ने 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ा दिया था। 14 दिनों की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद केजरीवाल को जज कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था।

# सुप्रीमकोर्ट ने रामदेव को फिर लगाई फटकार, पूछा— क्या माफीनामे का साइज विज्ञापन जितना बड़ा था?

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव और उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में एक बार फिर से फटकार लगाई है। कोर्ट में पतंजलि की तरफ से कहा गया कि उन्होंने 67 अखबारों में विज्ञापन देकर माफीनामा छपवाया था। इसमें 10 लाख रुपये का खर्चा आया। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि क्या ये माफीनामा उतने ही साइज के थे, जितने साइज के आपके पहले वाले विज्ञापन थे।कोर्ट ने ये भी पूछा कि क्या आप हमेशा इतने ही साइज का विज्ञापन छपवाते हैं। इस मामले में अब 30 अप्रैल को फिर से सुनवाई होनी है। इस सुनवाई में रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में हाजिर रहने को कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रामदेव के वकील ने जवाब में कहा कि माफीनामे का साइज विज्ञापनों जितना बड़ा नहीं था, क्योंकि इसकी



कीमत बहुत ज्यादा है, लाखों में। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने रामदेव और बालकृष्ण से कई सवाल पूछे।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रामदेव से पूछा कि अपने क्या किया? तो उनके वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत को बताया कि उन्हें 67 अखबारों में एड दिया, जिसमें दस लाख रुपये का खर्चा आया है। इस पर बेंच रामदेव और बालकृष्ण पर नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि आपने अपना विज्ञापन कहां प्रकाशित कराया और इसमें इतना वक्त क्यों लगा। क्या ये विज्ञापन उतने ही साइज के थे, क्या आप हमेशा इतने ही साइज का एड देते हैं। इस पर अधिवक्ता ने कहा, नहीं, महोदय.. इसकी कीमत बहुत ज्यादा है.. लाखों रुपये है।बेंच के सवालों का जवाब देते हुए अधिवक्ता ने कहा कि हमने विज्ञापन नहीं माफीनामा प्रकाशित कराया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि इसे कल क्यों दायर किया गया? हम अब बंडलों को नहीं देख सकते! इसे हमें पहले ही दिया जाना चाहिए था।इससे पहले 16 अप्रैल को, सुप्रीम कोर्ट रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है। शीर्ष अदालत 2022 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को नीचा दिखाने का आरोप लगाया गया है।

### सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में बड़ी सफलता

# मुंबई क्राइम ब्रांच ने नदी से ढूंढ निकाली बंदूक और मैगजीन

सूरत , सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई क्राइम ब्रांच ने सूरत के तापी नदी से बंदूक और मैगजीन बरामद की है। गोताखोरों को सूरत की तापी नदी से तीन मैगजीन और 13 कारतूस भी मिले हैं। पुलिस ने तापी नदी से हथियार बरामद करने का एक वीडियो भी जारी किया है। बता दें, बीते दिनों अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की गई थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई। इतना ही नहीं, सीएम एकनाथ शिंदे अभिनेता से मुलाकात करने उनके घर पहुंचे थे। उधर, पुलिस ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फायरिंग में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था,



जिनके तार बिहार के बेतिया जिले से जुड़े हुए बताए गए। इनके नाम हैं झ्र विक्की गुप्ता और सागर पाल। हालांकि, इनके परिजनों ने दोनों के फायरिंग में शामिल होने से साफ इनकार कर दिया। इससे पहले पुलिस ने सलमान खान को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन अभिनेता ने स्पष्ट कर दिया था कि उनकी किसी से भी कोई रंजिश नहीं है। ऐसे में कोई उन्हें मारने की कोशिश क्यों करेगा? यह तो अपने आप में ही एक अबूझ पहेली है। यही नहीं, इससे पहले अभिनेता के पिता सलीम खान को भी मॉर्निंग वॉक के दौरान एक धमकी भरा लेटर मिला था, जिसमें सलमान खान को मारने का जिक्रकिया गया था। लेटर में सलमान को बिश्नोई गैंग की ओर से जाने से मारने की गई थी, जिसके बाद अभिनेता की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी, लेकिन अब इस बीच जिस तरह से उनके घर के बाहर फायरिंग की गई है, उसके बाद यह मामला काफी पेचीदा हो गया है।

## मेरठ में बसपा सुप्रीमो को भेंट किया गया सोने का मुकुट

मेरठ ,बसपा सुप्रीमो मायावती आज मेरठ में हापुड़ रोड पर जनसभा करने पहुंचीं। बसपा मुखिया एवं पूर्व सीएम मायावती ने चुनावी जनसभा के मंच से हापुड रोड पर अल्लीपुर में बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी की चुनावी सभा को संबोधित कर वोट करने की अपील की।

बता दें कि इस बार लोकसभा चुनाव में यह मेरठ में उनकी पहली जनसभा थी। मायावती कई वर्ष बाद मेरठ में जनसभा करने पहुंचीं। यहां उन्होंने मच से भाजपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा तो वहीं मौका मिलने पर वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाने की बात कही। रैली के दौरान मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी, पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी व हाफिज इमरान ने मिलकर बहन मायावती को सोने का मुकुट भेंट कर सम्मानित किया।

# जमीन घोटाला मामला : हेमंत सोरेन को नहीं मिली राहत

### जमानत याचिका पर कोर्ट से मांगा वक्त

रांची , जमीन घोटाले में जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर अपना पक्ष रखने और जवाब देने के लिए ईडी ने एक बार फिर अदालत से वक्त मांग लिया है। सोरेन की याचिका पर मंगलवार को एक बार फिर पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई शुरू होते ने ईडी ने जवाब देने के लिए दो हफ्ते के समय की मांग की।

हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। कोर्ट ने ईडी को एक हफ्ते का समय देते हुए 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले



की अगली सुनवाई 1 मई को होगी। रांची के बडग़ाईं अंचल में 8.66 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में ईडी ने 31 जनवरी को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

ईडी ने मामले में 30 मार्च को अदालत में हेमंत सोरेन के अलावा जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, हेमंत सोरेन के करीबी विनोद कुमार, राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और हिलेरियस कच्छप के खिलाफ चार्जशीट भी फाइल की है। इसमें बताया गया है कि हेमंत सोरेन ने न सिर्फ गैरकानूनी तरीके से जमीन हासिल की, बल्कि जांच शुरू होने पर साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश की। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के ढाई महीने बाद पहली बार जमानत की याचिका दाखिल की है, जिसपर इसके पहले 16 अप्रैल को भी सुनवाई हुई थी।

## संपादकीय

# बयान पर विपक्ष आक्रामक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक जनसभा में दिया गया बयान दूसरे चरण के चुनाव से काफी चर्चाओं में है। धर्म विशेष को लेकर दिए गए इस बयान से विपक्ष आक्रमक हो गया है और मोदी के इस बयान को पहले चरण मैं भाजपा के खिलाफ हताशापूर्ण मतदान को बता रहा है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उसे विवादित बयान के बाद दूसरी जनसभा में उसमें सुधार करने की कोशिश की लेकिन जब बात एक बार मुंह से निकल जाती है तो उसे संभालना काफी मुश्किल होता है। यही सब अब भाजपा के साथ शुरू हो चुका है जिसमें सीधे तौर पर राजनीति "हिंदू मुसलमान" पर आकर केंद्रित हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भीलवाड़ा की एक जनसभा में कहा था कि "मनमोहन सिंह देश के संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का बताते थे, और यह भी कहा कि यदि कांग्रेस आई तो ज्यादा बच्चो वालो को आपका पैसा दे देगी।" बाजार में जेवर और महिलाओं के मंगलसूत्र पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खतरा बताया, पर क्या सत्ता परिवर्तन की स्थिति में यह सत्य साबित होगा, जाहिर है यह केवल राजनीति मंच जनता को रिझाने के लिए कहीं जाने वाली बातें हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के मैनिफेस्टो से लगता है की वो हिंदू महिलाओं के सोने के मंगलसूत्र का भी हिसाब लेंगे" लेकिन सत्यता तो यह है कि पर कांग्रेस के मैनिफेस्टो में ऐसा कोई जिक्रनहीं है। प्रधानमंत्री का यही बयान अब तुष्टिकरण की राजनीति का कारण बन गया है और पूरे देश में एकाएक सारे मुद्दे पीछे छोड़ते हुई पूरी राजनीति धर्म पर आकर केंद्रित हो गई है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवल कांग्रेस के मेनिफेस्टो को ही निशाने पर क्यों लिया। अन्य दलों के घोषणा पत्र भी जारी हुए हैं, लेकिन हकीकत तो यह है कि अन्य दलों के घोषणा पत्र को ना तो जनता के द्वारा ही गंभीरता से लिया जा रहा है बल्कि इन पार्टियों के मैनिफेस्टो विजन से दूर दिशाहीन और पिछड़े समय के लगते है। न उसमे विजन है ना सृजन की बात, सिर्फ बदलने और बंद करने की बाते दिखती है। मोदी ने खास तौर से कांग्रेस के "न्यायपत्रसी और मनमोहन की ही बात शायद इसलिए की है क्योंकि उनका मुख्य मुकाबला कांग्रेस और राहुल से ही है। इंडिया गठबंधन की ही बात करें तो यहां भी दालों के जमावड़े में कोई और पार्टी राष्ट्र स्तर पर समर्थन की पंक्ति में नजर नहीं आ रही है। ध्यान रखना होगा कि कि 2014 और 2019 के चुनाव में लगातार 19 से 20 प्रतिशत मतदाता कांग्रेस के साथ खड़े नजर आए हैं।

भीलवाड़ा की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद एकाएक कांग्रेस मुखर हो चुकी है और उसका कहना है कि पहले चरण के कम मतदान ने भाजपा और मोदी को डरा दिया है। 400 पार का सपना पूरा होता नही दिखता और जनता में मोदी के जादू पर उनका विश्वास डोला है। मोदी को डर है अगर उनके वोटर वोट डालने ही नहीं आ रहे और स्विंग वोट विपक्ष को पड़ा तो सरकार बनाना ही मुश्किल हो जायेगा, इसीलिए मोदी ने अब विकास के साथ एंटी मुस्लिम बयान देने चालू किया है। अब सवाल यह उठता है कि एक प्रधानमंत्री के तौर पर क्या इस प्रकार का बयान किसी राजनीतिक मंच से दिया जाना चाहिए?

कांग्रेस की लहर न सही पर मनोबल और वोट इस बयान के बाद बढ़ता नजर आ सकता है। अपलसंख्यक का भरोसा अभी भी भाजपा के साथ नही है और उनका बड़ी मात्रा में वोट विपक्ष को मजबूत कर रहा है। कांग्रेस अगर सौ सीट भी लाए तो भी सरकार बनाना बेहद मुश्किल है और इंडिया एलायंस की टूट और आपसी खींचातानी पहले से ही उजागर है। वही एनडीए और भाजपा में इस तरह न कलेश है ना नेता का संकट। अभी तक तो मोदी ही एनडीए का चेहरा हैं। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में विकास, सुरक्षा और मजबूत नेतृत्व के नाम और काम पर शासन किया है और कई चुनाव भी जीते है। मोदी ने अपने नारे "सबका साथ सबका विकास" वाली छवि बुलंद की है। अरब देशों में नाम बढ़ाया और नए रिश्ते बनाए है। इसीलिए उनका पहले चरण के वोटिंग के बाद किसी भी वजह से फिर से हिंदू मुसलमान की परिपाठी पर लौट आना काफी हैरान कर देने वाला है। युवाओं और यहां तक की कई विपक्ष के समर्थक लोगो ने भी मोदी के विकास और मजबूत सरकार के नाम पर उन्हे दो बार जिताया है, इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान अब किसी के गले भी नहीं उतर रहा है। राजनीतिक मंचों से इस प्रकार के धार्मिक और विवादित बयान आते रहे हैं लेकिन अंततः ये काम जनता का होगा की वो किस मुद्दे को अहम मानती है और किस नेता के बयान को। मोदी या मनमोहन, मुसलमान या मंगलसूत्र।

# आकषर्ण समाज के हर वर्ग में हैं

**विपक्ष भाजपा की आलोचना करती है, नरेन्द्र मोदी पर सीधे प्रहार भी करती है, पर अपने समर्थकों और भाजपा विरोधियों के अंदर भी विश्वास नहीं दिला पाती कि वाकई वह भाजपा से सत्ता छीनने की स्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन (इंडिया) की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से नेताओं के छोडक़र जाने का कायम सिलसिला इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के अंदर कैसी निराशा और हताशा है। तो फिर इस चुनाव का सच क्या हो सकता है? आखिर 4 जून का परिणाम क्या तस्वीर पेश कर सकता है? इस चुनाव की एक विडंबना और है। भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का एक वर्ग स्वयं निराशाजनक बातें करता है। व्यक्तिगत स्तर पर मेरी ऐसे अनेक लोगों से बातें होती हैं, जो चुनाव में जमीन पर हैं या वहां होकर लौट रहे हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बड़ी है जिनमें उत्साह या आशावाद का भाव न के बराबर मिलता है। वे बताते हैं कि जैसी दिल्ली में या बाहर हवा दिखती है धरातल पर वैसी स्थिति नहीं है। जब उनसे प्रश्न करिए कि धरातल की स्थिति क्या है तो सबके उत्तर में कुछ सामान बातें समाहित होती हैं, गलत उम्मीदवार के कारण लोगों के अंदर गुस्सा या निराशा है, गठबंधन को सीट देने के कारण अपने लोगों के अंदर निराशा है, गठबंधन ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जिनका बचाव करना या जिनके लिए काम करना भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए कठिन हो गया है आदि।**

अवधेश कुमार

इस समय लोक सभा चुनाव को लेकर कई तरह के मत हमारे सामने आ रहे हैं। सबसे प्रबल मत यह है कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने सहयोगी दलों के साथ तीसरी बार भारी बहुमत से सरकार में लौट रही है।

कुछ लोग प्रधानमंत्री के 370 भाजपा के और सहयोगी दलों के साथ 400 सीटें मिलने तक की भी भविष्यवाणी करने लगे हैं। दूसरी ओर, विपक्ष इसे खारिज करते हुए कहता है कि भाजपा चुनाव हार रही है और वह 200 सीटों से नीचे चली पाएगी।विपक्ष भाजपा की आलोचना करती है, नरेन्द्र मोदी पर सीधे प्रहार भी करती है, पर अपने समर्थकों और भाजपा विरोधियों के अंदर भी विश्वास नहीं दिला पाती कि वाकई वह भाजपा से सत्ता छीनने की स्थिति में चुनाव लड़ रहे हैं। आईएनडीआईए गठबंधन (इंडिया) की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से नेताओं के छोडक़र जाने का कायम सिलसिला इस बात का प्रमाण है कि पार्टी के अंदर कैसी निराशा और हताशा है। तो फिर इस चुनाव का सच क्या हो सकता है? आखिर 4 जून का परिणाम क्या तस्वीर पेश कर सकता है? इस चुनाव की एक विडंबना और है। भाजपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का एक वर्ग स्वयं निराशाजनक बातें करता है।

व्यक्तिगत स्तर पर मेरी ऐसे अनेक लोगों से बातें होती हैं, जो चुनाव में जमीन पर हैं या वहां होकर लौट रहे हैं। इनमें ऐसे लोगों की संख्या बड़ी है जिनमें उत्साह या आशावाद का भाव न के बराबर मिलता है। वे बताते हैं कि जैसी दिल्ली में या बाहर हवा दिखती है धरातल पर वैसी स्थिति नहीं है। जब उनसे प्रश्न करिए कि धरातल की स्थिति क्या है तो सबके उत्तर में कुछ सामान बातें समाहित होती हैं, गलत उम्मीदवार के कारण लोगों के अंदर गुस्सा या निराशा है, गठबंधन को सीट देने के कारण अपने लोगों के अंदर निराशा है, गठबंधन ने ऐसे उम्मीदवार खड़े किए हैं जिनका बचाव करना या जिनके लिए काम करना भाजपा के कार्यकर्ताओं के लिए कठिन हो गया है आदि। कुछ लोग अनेक क्षेत्रों में जातीय समीकरण की समस्या का उल्लेख भी करते हैं। एक समूह यह कहता है कि आम कार्यकर्ताओं और नेताओं की सरकार में उपेक्षा हुई है, उनके काम नहीं हुए हैं, उनको महत्त्व नहीं मिला है और अब लोगों का धैर्य चूक रहा है।

यहां तक कि जिस तरह के लोगों को पुरस्कार, पद, प्रतिष्ठा या टिकट दिया गया है उनसे भी लोग असहमति व्यक्त करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं समर्थकों के साथ विपक्ष की बातों को मिला दिया जाए तो निष्कर्ष यही आएगा कि भले भाजपा 400 पार का नारा दे, लेकिन यह हवा हवाई ही है। किंतु क्या यही 2024 लोक सभा चुनाव की वास्तविक स्थिति है? यह बात सही है कि अनेक राज्यों, जिनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल आदि को शामिल किया जा सकता है वहां पार्टी के अंदर कई जगह उम्मीदवारों को लेकर विरोध है। कुछ उपयुक्त लोगों को टिकट न मिलना तथा ऐसे सांसदों को फिर से उतारना जिनको लेकर कार्यकर्ता नाराजगी प्रकट करते रहे हैं विरोध का एक बड़ा कारण है। साथी दलों ने भी भाजपा के लिए समस्याएं पैदा की है। उदाहरण के लिए बिहार में लोजपा ने ऐसे उम्मीदवार उतारे जो परिवारवाद का साक्षात प्रमाण है और भाजपा के लोगों के लिए इनका बचाव करना कठिन है।

कुछ साथी दलों ने प्रभाविता और साक्षमता की जगह व्यक्तिगत संबंध और परिवार को टिकट देने में प्रमुखता दिया। बिहार के जमुई में प्रधानमंत्री मोदी स्वयं प्रचार के लिए गए और वहां भाजपा के लोगों ने पूरी ताकत लगाई। इसका असर भी हुआ। बावजूद यह प्रश्न किया जा रहा है कि किसी नेता के बहनोई या 26 साल की एक लडक़ी को, जिसके पिता साथी दल में नेता हैं उनको हम अपना नेता या प्रतिनिधि मानकर कैसे काम करें? स्वर्गीय रामविलास पासवान की राजनीति परिवार के इर्द-गिर्द सिमटी रही। जद (यू) की ओर से भी ऐसे कई उम्मीदवार हैं, जिन्हें भाजपा और राजग के परंपरागत कार्यकर्ता और समर्थक स्वीकार नहीं कर रहे। भाजपा के भी कुछ ऐसे उम्मीदवार हैं, जिनके बारे में नेता कार्यकर्ता कह रहे हैं कि हम पर उन्हें थोप दिया गया है। झारखंड में भी बाहर से लाकर टिकट देने और ऐसे उम्मीदवार को खड़ा करने, जिनको भाजपा पहले नकार चुकी हो समस्या पैदा कर रही है। किंतु इसका यह अर्थ नहीं कि 4 जून का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा।

यह सही है कि अगर भाजपा और राजग में उम्मीदवारों के चयन में ज्यादा सतर्कता बरती जाती, स्थानीय नेतृत्व के चयन की सही तरीके से जांच होती तो स्थिति पूरी तरह वैसी ही उत्साहप्रद होती जैसी चाहिए। बावजूद देशव्यापी व्याप्त अंतर्धारा क्या है? 10 वर्षो की नरेन्द्र मोदी सरकार का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री की स्वयं की छवि, वर्षो तक संगठन परिवार द्वारा हिंदू समाज के बीच किए गए सकारात्मक कार्य, 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, विरोधियों द्वारा हिन्दुत्व को लेकर उपेक्षा या प्रहार का व्यवहार तथा अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों का वोट लेने के लिए विपक्षी दलों की प्रतिस्पर्धा भाजपा के पक्ष में ऐसा आधार बनाती है जिसका कोई विकल्प नहीं। भाजपा के समर्थकों में एक बड़ा वर्ग विचारधारा के कारण जुड़ाव रखता है और पिछले कुछ वर्षो के कायरे के कारण हिन्दुओं के अंदर हिन्दुत्व एवं भारतीय राष्ट्रभाव की चेतना प्रबल हुई है।

वह बहस करते हैं कि आखिर भाजपा नहीं होती तो क्या अयोध्या में राम मंदिर बनता और ऐसी प्राण प्रतिष्ठा होती? वे धारा 370 से लेकर समान नागरिक संहिता, तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून आदि की चर्चा करते हैं। नागरिकता संशोधन कानून का तो आईएनडीआईए के ज्यादातर दलों ने विरोध किया है। उन्हें लगता है कि घातक अल्पसंख्यकवाद पर अगर किसी पार्टी की सरकार द्वारा नियंत्रण लगा है तो भाजपा ही है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रभावों के कारण जिन माफियाओं पर सरकारें उनके समुदाय के कारण हाथ डालने से बचती थी, वे मटियामेट हुए हैं, सडक़ों पर नमाज पढऩा बंद हुआ है। स्वाभाविक ही उन्हें लगता है कि आने वाले समय में कोई पार्टी अगर इन सब पर काम कर सकती है तो वह भाजपा ही है। दूसरी ओर सामाजिक न्याय एवं विकास को मोदी सरकार ने जिस तरह से व्यावहारिक रूप दिया है उसका बड़ा आकषर्ण समाज के हर वर्ग में है।

# राजमार्गों का विस्तार

**पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में इन सड़कों के विस्तार की दर लगभग 20 प्रतिशत रही थी। यह बढ़ोतरी इसलिए भी उल्लेखनीय है कि पिछले साल की पहली छमाही में देश के अनेक क्षेत्रों में मानसून की अवधि अपेक्षाकृत अधिक रही थी, जिसके कारण निर्माण कार्यों में अवरोध उत्पन्न हुआ था। निर्माण कार्य में तेजी सितंबर 2023 के बाद ही आ सकी थी। इस तेजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2022-23 की दूसरी छमाही की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक सड़क निर्माण हुआ था। इसकी एक वजह पहली छमाही की कमी को पूरा करना था और दूसरा कारण यह रहा कि आम चुनाव को देखते हुए परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर ध्यान दिया गया।**

वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में बीते वित्त वर्ष की तुलना में पांच से आठ प्रतिशत अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार की संभावना है। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में इन सड़कों के विस्तार की दर लगभग 20 प्रतिशत रही थी। यह बढ़ोतरी इसलिए भी उल्लेखनीय है कि पिछले साल की पहली छमाही में देश के अनेक क्षेत्रों में मानसून की अवधि अपेक्षाकृत अधिक रही थी, जिसके कारण निर्माण कार्यों में अवरोध उत्पन्न हुआ था। निर्माण कार्य में तेजी सितंबर 2023 के बाद ही आ सकी थी। इस तेजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 2022-23 की दूसरी छमाही की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक सड़क निर्माण हुआ था। इसकी एक वजह पहली छमाही की कमी को पूरा करना था और दूसरा कारण यह रहा कि आम चुनाव को देखते हुए परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर ध्यान दिया गया। क्रेडिट एजेंसी आइसीआरए की ताजा रिपोर्ट में आकलन किया है कि इस वित्त वर्ष में 12,500 से 13,000 किलोमीटर लंबे नये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये जायेंगे। इस विस्तार को परियोजनाओं पर ध्यान, अधिक आवंटन और सरकार की प्राथमिकता से आधार मिल रहा है। मार्च 2024 तक 45 हजार किलोमीटर से अधिक राजमार्गों के निर्माण की परियोजनाओं को स्वीकृत किया जा चुका है।

यदि भारतमाला परियोजना के पहले चरण के खर्च के संशोधित आकलनों को स्वीकृति देने में केंद्रीय कैबिनेट की ओर से कुछ देरी नहीं हुई होती, तो मंजूर परियोजनाओं का आकार और बड़ा हो सकता था। बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में आवंटित परियोजनाओं की सड़क लंबाई में 31 प्रतिशत की कमी आयी थी, जिसकी इस वर्ष भरपाई भी हो सकती है और अधिक निर्माण भी संभावित है। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार के साथ-साथ राज्य सरकारें भी इन मार्गों से बेहतर जुड़ाव के लिए अपने सड़कों के निर्माण पर ध्यान दे रही हैं। इससे न केवल आवागमन बढ़ाने में मदद मिली है, बल्कि विभिन्न प्रकार के वस्तुओं की ढुलाई की मात्रा एवं गति भी बढ़ी है। केंद्र सरकार के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की कई योजनाओं को राजमार्गों के निर्माण से जोड़ा गया है। सड़कों के किनारे भंडारण की सुविधा बढ़ाने के लिए कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस, गोदाम आदि का बड़े पैमाने पर निर्माण हुआ है। साथ ही, बाजार, होटल, रेस्तरां, मैकेनिक एवं रिपेयर सेंटर आदि भी बढ़े हैं। सड़कों के निर्माण और विस्तार से घरेलू बाजार में आपूर्ति बेहतर हुई है। इससे निर्यात को भी बड़ी मदद मिली है, जिसमें हर साल कीर्तिमान बन रहा है। सड़कों की लंबाई ही नहीं बढ़ रही है, बल्कि उनकी गुणवत्ता में भी निरंतर सुधार हो रहा है। इससे घरेलू पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिला है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार से विकास की नयी गाथा लिखी जा रही है।

# जनादेश की गारंटी

सवोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया।

इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है।

विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सवोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है।

तभी तो सवोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती।न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे ह्यमहादेशह्न को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है।

अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोडऩे पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की ह्यगारंटीह्न हो। सवोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

# टाइगर नागेश्वर राव के हिंदी वर्जन ने तोड़े रिकॉर्ड, यूट्यूब पर मिले 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज



रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव एक बार फिर से चर्चा का विषय बन गई है। यह फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। तेलुग के बाद इस फिल्म को कुछ समय पहले यूट्यूब पर हिंदी में भी रिलीज किया गया था। अब खबर आ रही है कि फिल्म ने यूट्यूब पर धमाल मचा दिया है।यूट्यूब पर फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के हिंदी संस्करण को 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। ये वाकई में बहुत बड़ी बात है। व्यूज के अलावा फिल्म लाइक्स के मामले में भी पीछे नहीं है। इस फिल्म को अभी तक 1 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि हिंदी पट्टी के राज्यों में यह फिल्म जलवा बिखेर रही है। हिंदी के दर्शक इस फिल्म को जमकर पसंद कर रहे हैं। दर्शकों से मिली इतनी जबरदस्त प्रतिक्रिया के चलते फिल्म के निर्माता भी काफी खुश है।फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में रवि तेजा ने दक्षिण भारत के एक बहुत बड़े चोर की भूमिका निभाई है। वह इतना शातिर था कि उसने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रूमाल भी चोरी कर लिया था। दर्शक इस फिल्म के हिंदी संस्करण में रवि तेजा को हिंदी बोलते हुए सुन सकते हैं। इससे पहले उनकी हिंदी भाषा में डब होने वाली फिल्मों में उनकी वास्तविक आवाज नहीं होती थी। वह किसी डबिंग आर्टिस्ट की आवाज हुआ करती थी।फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में रवि तेजा के अलावा नुपुर सेनन, गायत्री भारद्वाज, रेनू देसाई, अनुपम खेर, सुदेव नायर, नासर, मुरली शर्मा, अनुकृति, जिशु सेनगुप्ता और हरीश पेराडी ने भी अभिनय किया है।

## लव सेक्स और धोखा 2 की एक टिकट पर दूसरी मिल रही बिल्कुल मुफ्त

दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एकता कपूर ने इस फिल्म को अपनी मां शोभा कपूर के साथ मिलकर बनाया है।दर्शकों के साथ समीक्षक भी इस फिल्म की कहानी को काफी पसंद कर रहे हैं।अब इस बीच एकता ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, लव सेक्स और धोखा 2 की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है।लव सेक्स और धोखा 2 की एक टिकट पर दूसरी मुफ्त पाने के लिए बुकमाईशो पर एलडीएस2 का उपयोग करना होगा।एकता ने इस खबर की जानकारी साझा करते हुए लिखा, यह सच है। 1 खरीदें और लव सेक्स और धोखा 2 का 1 टिकट मुफ्त पाएं। बुकमाईशो पर कोड एलडीएस2 का उपयोग करें।सिनेमाघरों के बाद लव सेक्स धोखा 2 ओटीटी प्लेफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिल्म का प्रीमियर जून के मध्य तक किया जाएगा। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।लव सेक्स और धोखा 2 के निर्देशक दिबाकर बनर्जी हैं, वहीं एकता ने इस फिल्म को अपनी मां शोभा कपूर के साथ मिलकर बनाया है।

# लीजेंड्स लीग में भारतीय टीम मालिक पर मैच फिक्सिंग का लगा आरोप, एक महीने के लिए बढ़ा यात्रा प्रतिबंध

कोलंबो, प्रेट्र। श्रीलंका की लीजेंड्स क्रिकेट लीग में कैंडी स्वैंप आर्मी टीम के मालिक और भारतीय नागरिक योनी पटेल पर उनके हमवतन पी आकाश के साथ मैच फिक्सिंग के लिए आरोप तय किए जा रहे हैं। कोलंबो मजिस्ट्रेट अदालत के अधिकारी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को अदालत ने पटेल की जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी और दोनों पर लगाया गया यात्रा प्रतिबंध एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया।

### योनी पटेल आकाश पर लगा फिक्सिंग का आरोप

योनी पटेल और आकाश पर लीजेंड्स क्रिकेट लीग में मैच फिक्स करने की कोशिश करने का आरोप है, जिसका आयोजन आठ से 19 मार्च तक कैंडी जिले के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया गया। फाइनल में राजस्थान किंग्स ने न्यूयार्क सुपर स्ट्राइकर्स को हराया। अधिकारियों ने कहा कि मामले के आगे बढ़ने के साथ पंजाब रायल्स के मैनेजर आकाश पर भी आरोप तय किए जाएंगे।



### थरंगा-नील ब्रूम ने लगाया आरोप

श्रीलंका के पूर्व वनडे कप्तान वर्तमान मुख्य चयनकर्ता उपुल थरंगा तथा न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी नील ब्रूम ने खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई से पटेल और आकाश द्वारा मैचों को फिक्स करने के लिए लीग में क्षमता से कम प्रदर्शन करने के लिए संपर्क करने की शिकायत की थी। इसके बाद अदालत ने पटेल और आकाश के जांच पूरी होने तक देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया। लीजेंड्स क्रिकेट लीग को ना तो आइसीसी से मान्यता मिली है और न ही श्रीलंका क्रिकेट से।श्रीलंका खेल में मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार को अपराध की सूची में डालने वाला पहला दक्षिण एशियाई देश था जब उसने 2019 में इस खतरे के खिलाफ कानून पारित किया था। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। कानून के तहत भ्रष्टाचार के लिए संपर्क के बारे में जानकारी देने में विफल रहने पर भी सजा का प्रावधान है।

# देवा के सेट से शाहिद कपूर ने शेयर किया पहला लुक

इश्क विश्क से बालीवुड में कदम रखने वाले शाहिद कपूर को इंडस्ट्री में 21 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होनें कई बेहतरीन किरदारों को परदे पर जीवंत किया। पिछले कुछ सालों में अपनी फिल्मों के चयन के जरिए उन्होनें एक अलग पहचान बनाई है। हाल ही में वह फर्जी वेब सीरीज में दिखे थे। फिलहाल वह एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच शाहिद ने फिल्म के सेट से अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की है। इसे लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं।



शाहिद ने अपनी आगामी फिल्म देवा के सेट से खुद की एक तस्वीर साझा की। इसमें वह चश्मा लगाए कार में बैठे कैमरे से दूर कहीं देखते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होनें लिखा, आज का मूड ! शाहिद इस फिल्म में एक बगावती पुलिस ऑफिसर का किरदार अदा कर रहे हैं, जो जोखिम भरे एक हाई-प्रोफाइल केस की जांच कर रहा है। इसमें शाहिद का किरदार छल और धोखे के जाल से पर्दा हटाते हुए सच की तह तक जाता है।रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित देवा एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्माण जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स साथ मिल कर रहे हैं। रोशन एंड्रयूज सैल्यूट और कायमकुलम कोचुन्नी जैसी मलयालम फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इस फिल्म में पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म अक्तूबर में दशहरे के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी।हाल हीं में शाहिद तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया।

## भारतीय जंप रोप टीम में छत्तीसगढ के 10 खिलाडियों का चयन

रायपुर,। भारतीय जंप रोप फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जापान के क्षसाकी में 24 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक आयोजित एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय जंप रोप फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए भारतीय जंप रोप दल के खिलाड़ियों की सूची जारी की गई जिसमें छत्तीसगढ के 10 खिलाड़ियों ने जगह बनाई, प्रेस को जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ प्रदेश जंप रोप एसोसिएशन के सचिव श्री अखिलेश दुबे ने बताया की यह अबतक की सबसे बड़ी उपलब्धि है की बड़ी संख्या में भारतीय टीम में राज्य जंप रोप (रस्सी कूद ) के जंपर ने स्थान बनाया है,हर्ष का विषय हैं की इस बार राज्य के खिलाड़ियों के लिए हर संभव मदद करने के लिए जर्मन स्थित कंपनी कालेस्रिक्स ने जापान जाने के लिए होने वाले खर्च को उठाने का बीड़ा उठाया यह कंपनी एक ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म प्रदान करती है जो परियोजना लागत, बजट और कंपनी के संचालन का प्रबंधन करती है।

# शाहीन अफरीदी ने मोहम्मद रिजवान को क्रिकेट का 'ब्रेडमैन' करार दिया

नई दिल्ली। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में सबसे तेज 3000 टी20 इंटरनेशनल रन पूरे करने का कीर्तिमान स्थापित किया था। वैसे, बाबर आजम के बाद मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान के दूसरे बैटर बने, जिनेंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 3000 रन का आंकड़ा पार किया।



पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने सोशल मीडिया पर मोहम्मद रिजवान की तारीफ करते हुए उनकी तुलना महान डॉन ब्रेडमैन से कर दी। शाहीन अफरीदी ने अपने आधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर) हैंडल पर लिखा कि रिजवान टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के ब्रेडमैन हैं और उन्हें रिकॉर्ड पर शुभकामनाएं दी।

शाहीन अफरीदी ने क्या पोस्ट किया

मोहम्मद रिजवान को शुभकामनाएं- टी20 क्रिकेट के ब्रेडमैन और पाकिस्तान के सुपरमैन, जिन्होंने 3000 टी20 इंटरनेशनल रन बनाए। आपके प्रभाव ने खेल को बदला और संदेह करने वालों को चुप कराया। लगातार ऊर्जावान बने रहे हैं चैंपियन। आप कई लोगों के लिए प्रेरणा हैं।

## एक नजर

### फर्जीवाड़ा करने पर युवक के खिलाफ केस दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने फर्जीवाड़ा करने पर एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी सुनील रावत ने बताया कि बाईजो डिजिटल प्राइवेट लि. श्रीनगर के संचालक मोहित बिष्ट ने कोतवाली श्रीनगर में दी तहरीर में कहा कि ग्राहक ने आईफोन दिखाने को कहा गया। जिस पर ग्राहक द्वारा 67800 की फर्जी पेमेंट दिखाकर दुकान से आईफोन ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नितिन मोहबिया के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है। रावत ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है। (एजेंसी)

### देवप्रयाग में अंत्येष्टि घाट बनाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कोट ब्लाक के ग्रामीणों ने देवप्रयाग में अंत्येष्टि घाट बनाने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने इस संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र भेजा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन से गुहार लगाई गई। समाधान न होने पर प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर समस्या के हल की मांग उठाई है। ग्रामीण हेमंत चौहान, सिपाल सिंह, रमेश चमोला आदि ने बताया कि कोट ब्लाक के सभी गांव के ग्रामीण मृतकों का अंतिम संस्कार मान्यता के अनुसार संगम नगरी देवप्रयाग में करते हैं।

### अतिथि शिक्षकों के पद रिक्त न माने जाने से राशिसं में रोष

नई टिहरी : शिक्षक नेताओं ने कहा कि अतिथि शिक्षक व्यवस्था नितांत अस्थायी व्यवस्था है। जिसे न्यायालय ने भी अपने आदेश में इनके पदों को रिक्त माने जाने के लिए पूर्व में कहा है, लेकिन विभाग लंबी अवधि से दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों के हितों का ध्यान न रखते हुए अतिथि शिक्षकों के पदों को रिक्त न माने जाने का बयान दे रहा है। जिसका राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी विरोध करती है। इस मामले में राजकीय शिक्षक संघ विभाग के खिलाफ आंदोलन के लिए मजबूर होगा। शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी कमलनयन रतूड़ी ने विभाग पर आम शिक्षकों को गुमराह करने का आरोप लगाया। शिक्षक संघ का कहना है कि शिक्षक एक माह से चुनाव प्रशिक्षण और अन्य चुनावी कामों में व्यस्त रहे। (एजेंसी)

### पैराग्लाईडरों ने कोटी ग्राउंड में दिखाये करतब

नई टिहरी : जिला पर्यटन अधिकारी सोबत सिंह राणा ने बताया कि मंगलवार को पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्रतियोगिता में पैराग्लाइडर्स ने टेक ऑफ प्वाइंट कुट्ठा से लैंडिंग प्वाइंट कोटी ग्राउंड टिहरी झील तक हवा में शानदार करतब दिखाए। प्रतिभागियों ने दो-दो राउंड की पैराग्लाइडिंग की। बुधवार को अंतिम राउंड की पैराग्लाइडिंग के बाद उत्कृष्ट अंक हासिल करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। यूटीडीबी के एसीईओ (साहसिक विंग) कर्नल अश्विनी पुंडीर ने बताया कि पहली बार उत्तराखंड के युवा भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। आने वाले दिनों में टिहरी झील साहसिक खेलों का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। कहा कि यूटीडीबी, टीएचडीसी और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। (एजेंसी)

### नोघर को नपं से अलग करने की उठाई मांग

नई टिहरी : राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार और ग्रामीणों ने दो सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन प्रेषित किया है। उन्होंने ग्राम नोघर को नगर पंचायत लंबगांव से निरस्त कर पूर्व की भांति ग्राम पंचायत में रखा जाए व नगर पंचायत लंबगांव में शीघ्र पानी की सुचारू व्यवस्था करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि नोघर के ग्रामीण उनके गांव को नपं से अलग करने की मांग करते आ रहे हैं। ग्रामीण लोस चुनाव का बहिष्कार भी कर चुके हैं।

### बिना शराब की शादी कराने पर किया सम्मान

नई टिहरी : प्रतापनगर के कंडियाल गांव में नशामुक्त शादियां करवाने पर संस्था राड्स की पहल शराब नहीं-संस्कार दो मुहिम के तहत परिजनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मुहिम को चला रहे सुशील बहुगुणा ने बताया कि उनकी मुहिम को बल देते हुए प्रताप नगर क्षेत्र के कंडियाल गांव में दो शादियां बिना नशे के सम्पन्न हुई। कंडियाल गांव निवासी विजयपाल की सबसे छोटी बेटी पुष्पा तथा कंडियाल गांव निवासी मोहन सिंह भंडारी के छोटे बेटे अरविंद के द्वारा अपने शादी के कार्ड पर नशामुक्त शादी का स्लोगन छपवाकर समाज को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।

# लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का...


हनुमान जयंती पर भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायक


हनुमान जयंती पर झांकी प्रस्तुत करते कलाकार

### श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से धूमधाम के साथ मनाई गई हनुमान जयंती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान यमुना नगर से पहुंचे भजन गायक विनोद राजन ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंगलवार को मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद यमुना नगर से पधारे भजन गायक विनोद राजन ने 'लहर लहर लहराए रे बजरंग बली का झंडा...', 'सिया राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...', 'अपने तो लाख गुनाह छिपा लेते हैं...', 'ओम नमो नमो जय गणेश जय गणेश...', 'राम सिया राम जै जै राम...' 'हे दुख भंजन मारूति नंदन...' भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। हनुमान जयंती पर बड़ी संख्या में सिद्धबली मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा सिद्धबली से अपनी मनोकामना के लिए प्रार्थना की। मंदिर में भक्तों के लिए विशेष भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इस मौके पर विवेक अग्रवाल, प्रमोद रावत, अनिल बिठ्ठल, रविंद्र जजेड़ी, सुमित कुमार मौजूद रहे।

### भक्तों ने निकाली बाइक रैली

हनुमान जयंती पर भक्तों ने दुर्गापुरी चौराहे से लेकर सिद्धबली मंदिर तक बाइक रैली निकाली। बाइक रैली के मंदिर परिसर में पहुंचने के बाद नटराज आर्ट ग्रुप आफ ऋषिकेश के कलाकारों ने हनुमान के भजनों पर शानादार नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

### नलकूप की हुई मरम्मत, पेयजल सुचारु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत नजीबाबाद रोड़ स्थित प्रेमनगर में नलकूप खराब होने से पेयजल संकट का सामना कर रहे स्थानीय लोगों को राहत मिल गई है। विभाग की ओर से नलकूप में आई खराबी को दूर कर पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

बतातें चलें कि प्रेमनगर में पिछले एक सप्ताह से नलकूप की मोटर खराब होने के कारण पेयजल संकट बना हुआ था। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। इससे आक्रोशित लोगों ने जल संस्थान कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दे दी थी। जल संस्थान के स्टाफ के चुनाव ड्यूटी में होने के कारण मोटर को बदला नहीं जा सका था। इस संबध में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा ने बताया कि स्टाफ चुनाव ड्यूटी से वापस आ गया है और सोमवार शाम को खराब मोटर को बदलकर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

## मेडिकल कॉलेज ओर फार्मास्युटिकल साइंसेज के बीच हुआ एमओयू

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज और गढ़वाल विवि के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के बीच विभिन्न शोध कार्यों को लेकर मंगलवार को एमओयू हुआ।

एमओयू के तहत गढ़वाल विवि और मेडिकल कॉलेज आपसी सहयोग कर विभिन्न क्षेत्रों में शोध कार्य करेंगे। जिसका लाभ शोध करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ भविष्य में मरीजों को मिलेगा।

गढ़वाल विवि के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के डॉ. मुकेश मैठानी, डॉ. अजय एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत और माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. विनीता रावत की उपस्थिति में एमओयू हुआ।

डॉ. मैठानी ने बताया कि एमओयू के तहत मेडिकल कॉलेज और गढ़वाल विवि मिलकर फार्मास्युटिकल, हर्बल ड्रग्स टैक्नोलॉजी, एनालिटिकल साइंसेज, माइक्रोबायोलॉजी तथा मेडिकल साइंस के क्षेत्र में शोध कार्य करेंगे।

साथ ही मेडिकल सांइसेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी शोध कार्यों का लाभ मिलेगा। वहीं मरीजों से संबंधी विभिन्न बीमारियों पर भी शोध कार्य किया जायेगा। (एजेंसी)

### हनुमान जयंती पर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : नगर पंचायत सतपुली में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर सांय तक जारी रहा। मंगलवार सुबह से ही बजरंगबली के मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर जय श्रीराम और जय हनुमान के नारे लगाए।

क्षेत्र के राधाकृष्ण, दंगलेश्वर मन्दिर में हनुमान की प्रतिमा को विशेष श्रृंगार कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस बार राधाकृष्ण मंदिर में पवन गुप्ता को प्रसाद वितरण की जिमेदारी सौपी गई।

## जीवन में सुख शांति की प्राप्ति के लिए अपनाएं राजयोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की नजीबाबाद रोड़ स्थित स्थानीय शाखा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माउंट आबू राजस्थान से पधारे प्रजापिता ईश्वरीय विवि के महासचिव ब्रह्माकुमार बृजमोहन ने जीवन में सुख शांति लाने के संबध में बताया।

उन्होंने कहा कि मानव सर्व सुख सुविधाएं होते हुए भी सुखी नहीं है। मनुष्य भगवान से मांग रहा है, लेकिन भगवान को पशु पक्षी कंकड पत्थर में व्याप्त सर्वव्यापी मानता है। इसी कारण से प्राप्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि परमात्मा यहां नहीं परमधाम जो कि सूर्य, चंद्र तारागणों के पार है वहां रहते हैं। यह सब गीता में वर्णित है। वर्तमान समय परमात्मा सुखदायी सृष्टि की ही रचना रच रहे हैं। और पूरा भारत अब देवभूमि बनने वाला है। देवी-देवताओं की दुनिया साकार मैं भारत में आने वाली है।


आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

कार्यक्रम में वीके सुनयना ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। नितिन ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान युग में जीवन में सुख शांति राजयोग के अभ्यास से ही प्राप्त हो सकती है। आज मानव सभी सुविधाएं होते हुए भी सुखी नहीं है। मानव का आत्मिक स्तर भी डगमगा रहा है। अगर हम आत्मिक स्तर को सर्वगुणों से भरपूर कर दें तो आत्मा व शरीर दोनों सुखी रह सकते हैं। केंद्र संचालिका बहन बी के ज्योति ने कहा कि हमें सर्वव्यापी परमपिता को आत्मसात कर अपने आत्मिक स्तर को ऊंचा उठाना होगा, तभी हमें शांति प्राप्त हो सकती है।

## गदेरे में धधक रहा कूड़ा, जहरीले धुएं ने बढ़ाई मुश्किल

### देवी रोड में पुलिया के नीचे पनियाली गदेरे में जल रहा कूड़ा , चारों ओर फैले जहरीले धुंए से लोगों का सांस लेना भी हुआ मुश्किल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : यह सरकारी सिस्टम की अनदेखी व आमजन की लापरवाही है कि देवी रोड में पुलिया के नीचे पनियाली गदेरा कूड़ा डंपिंग जोन बन गया है। हर रोज सैकड़ों टन कूड़ा गदेरे में डाला जा रहा है। नतीजा गर्मी बढ़ने के साथ ही कूड़े का ढेर जलने लगा है। चारों ओर फैले जहरीले धुएं के कारण आमजन का सांस लेना भी दूभर हो गया है। सबसे अधिक परेशानी आसपास के व्यापारियों व परिवारों को हो रही है। लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।


कोटद्वार के देवी रोड में पनियाली गदेरे पर जल रहे कूड़े से उठता धुंआ

मालूम हो कि घाड़ क्षेत्र के जंगलों से होते हुए कोटद्वार शहर के बीच से गुजर रहे पनियाली गदेरे को कूड़ा डंपिंग जोन बनाया जा रहा है। नजीबाबाद चौराहे से करीब पांच सौ मीटर दूर देवी रोड पर पड़ने वाली पुलिया से गदेरे में हर रोज सैकड़ों टन गंदगी डाली जा रही है। आसपास के व्यापारी व अन्य लोग गंदगी गदेरे में डालते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही पुलिया के नीचे जमा गंदगी के ढेरों ने आग पकड़नी शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह आसपास के क्षेत्र में जहरीले धुएं का गुब्बार छाया रहा। ऐसे में देवी रोड से गुजरने वाले राहगिरों के साथ ही आसपास के व्यापारियों व परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। देवी रोड निवासी सत्य सिंह, मुन्नी देवी ने बताया कि पुलिया के नीचे गदेरा पूरी तरह कूड़े से जाम हो चुका है। गदेरे में गंदगी डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कई बार नगर निगम व प्रशासन से शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन, अब तक हालात जस के तस बने हुए हैं। धुएं व दुर्गंध के कारण आमजन को संक्रामक बीमारियों का खतरा सताने लगा है।

### गढ़वाल विवि धूमधाम से मनायेगा हिमालय पुत्र की जयंती

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय में हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। मंगलवार को गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. एमएस नेगी ने डीएसडब्ल्यू बोर्ड की बैठक आहूत कर स्व. बहुगुणा की जयंती के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। डीएसडब्ल्यू प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि हिमालय पुत्र हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड के ही नहीं देश के एक कुशल राजनेता और समाजसेवी थे। उनके प्रयासों से उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति में सुधार हुआ और हमारा विश्वविद्यालय उनकी ही देन है। इसलिए प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी बहुगुणा के जन्म दिवस को विश्वविद्यालय धूमधाम से मनायेगा। बैठक में प्रो. आरएस पाण्डेय, प्रो. आशुतोष गुप्त, डॉ. ममता आर्य, डॉ. घनश्याम ठाकुर, डॉ. नागेन्द्र रावत, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. कपिल पंवार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### हनुमान जयंती पर किया सुंदरकांड का पाठ, लगाये पीपल के पेड़

श्रीनगर गढ़वाल : हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को गुरुद्वारा रोड स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ। नगर क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। गुरुद्वारा रोड स्थित हनुमान मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं हनुमान जयंती के शुभवसर पर हरकण्डी ग्राम उत्थान समिति द्वारा हरकण्डी ग्राम विकास खण्ड खिर्सू के हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ, हवन, पूजन कर विधि विधान के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए समिति द्वारा ग्राम वासियों के साथ पीपल के पेड़ लगाए गए। समिति के अध्यक्ष जय बल्लभ पंत ने समस्त ग्राम वासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि हनुमान ने प्रभु राम चन्द्र के साथ सत्य पर असत्य की विजय के लिए संघर्ष किया तभी सत्य की विजय हुई।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम दीपक भाटिया (पुराना नाम) से बदलकर दीपक कुमार भाटिया (नया नाम) कर लिया है । भविष्य में मुझे दीपक कुमार भाटिया (नया नाम) पुत्र श्री दीनानाथ भाटिया के नाम से जाना व पहचान जाए।

**दीपक कुमार भाटिया पुत्र दीनानाथ भाटिया, निवासी गोविन्द नगर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0122/21)





### पिपलोगी में वन विभाग की गश्त जारी

नई टिहरी : ब्लाक प्रतापनगर के ग्राम पिपलोगी में बीते 19 अप्रैल को बारह वर्षीय बच्ची पर गुलदार के हमले के बाद वन विभाग गांव में लगातार रात्रि गश्त कर रही है। रेंज अधिकारी हर्षराम उनियाल ने बताया कि विभाग ने गांव में दो ट्रेस कैमरे आदि लगाए हैं। लोगों को हिदायत दी गई है कि रात को बिना वजह घर से बाहर न निकलें और बच्चों को अकेले बाहर न जाने दें। बताया कि बच्ची पर हमले की घटना के बाद अब तक गुलदार कहीं दिखाई नहीं दिया है। (एजेंसी)

## पेशावर कांड के महानायक को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिला कांग्रेस कमेटी ने पेशावर कांड की पुण्यतिथि पर वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को याद किया। कहा कि देश व समाज हित में दिए गए गढ़वाली के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। युवाओं को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर समाजहित में अपना योगदान देना चाहिए। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि आज ही के दिन 23 अप्रैल 1930 को पेशावर में आजादी के संघर्ष के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा घोषित सविनय अवज्ञा आंदोलन के परिपालन में पठानों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच अंग्रेजी हुकूमत ने गढ़वाल राइफल की यूनिट का नेतृत्व कर रहे वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को पठानों पर गोली चलाने का आदेश दिया। लेकिन उन्होंने गोली चलाने से इनकार कर दिया।



कोटद्वार में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को श्रद्धांजलि दते कांग्रेसी

इससे आजादी के संघर्ष से जुड़े सेनानियों में नए उत्साह का संचार हुआ और स्व. वीर चंद्र सिंह गढ़वाली का योगदान सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया। इस मौके पर रंजना रावत, बलवीर सिंह रावत, दिलबर प्रताप सिंह, मो. स्वाले, नईम अहमद, सूरज प्रसाद कांति, वीरेंद्र रावत, प्रवेश रावत, राजीव जखमोला, विपिन आदि मौजूद रहे।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा दिनांक 27.03.2023 को एक शपथ पत्र इस बाबत दिया गया था कि मैं अपने पुत्र राजेश कुमार पुत्र श्याम सिंह एवं निशा पत्नी राजेश कुमार मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा मरे साथ मारपीट और गाली गलौच करते है तथा झूठे केस में फंसाने की धमकी देते है तथा मैं अपने पुत्र उपरोक्त राजेश कुमार पुत्र श्याम सिंह एवं निशा पत्नी राजेश कुमार से सम्बन्ध विच्छेद करती हूं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। अब मेरा उपरोक्त पुत्र मेरे कहने सुनने में है तथा मैं अपने पुत्र राजेश कुमार से सभी सम्बन्ध रखती हूं। मेरे पुत्र ने अपने उपरोक्त कृत्य के लिए माफी मांग ली है तथा भविष्य में इस प्रकार की हरकत न करने का आश्वासन दिया है। मैं दिनांक 27.03.2023 के शपथ पत्र को खंडित करती हूं।

**नीरज देवी पत्नी श्याम सिंह निवासी ग्राम गिंवई स्रोत, कालाबड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड।**

(0121/21)


## डीएम दीक्षित ने केवी का किया निरीक्षण, शिक्षा की गुणवत्ता परखी

नई टिहरी : मंगलवार को डीएम ने कंप्यूटर कक्ष सहित विभिन्न कक्षों में जाकर छात्र–छात्राओं को पढ़ाए जा रहे विषयों की शिक्षा गुणवत्ता को देखा। विद्यालय में पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश विद्यालय प्रबंधन को दिए। डीएम ने विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप चंद्र थपलियाल से विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में छात्र-छात्राओं के प्रवेश, कक्षा संचालन, विद्यालय में प्रति कक्षा छात्र-छात्राओं की संख्या, शिक्षकों की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी लेते हुए बेहतर शिक्षण माहौल बनाने के निर्देश दिए। विद्यालय के निर्माणाधीन भवन के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता पर पूरा फोकस रखें। (एजेंसी)



### ब्रहमकपाल तीर्थ पुरोहितों ने डीएम से गुहार लगाई

चमोली : ब्रहम कपाल तीथ पुरोहित पंचायत समिति बदरीनाथ ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर बदरीनाथ में उन्हें उनकी नाप भूमि में उनके स्वयं के आवास हेतु अस्थाई टिन शेड बनाने की अनुमति देने की मांग की है। एसडीएम के माध्यम से डीएम को भेजे पत्र में समिति ने कहा है कि बदरीनाथ में गतिमान मास्टर प्लान के तहत ब्रहम कपाल तीर्थ पुरोहितों के आवासीय मकान जो सभी नाप भूमि में बने थे को तोड़ दिया गया है। जिसके बाद इन लोगों के आगे रहने की समस्या खड़ी हो गई है। (एजेंसी)

### गोदियाल ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार

चमोली : लोकसभा चुनाव में गढ़वाल सीट के कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने मंगलवार को गोपेश्वर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा पार्टी व व्यक्तिगत रूप से वे सदैव आभारी रहेंगे।

गोदियाल के चमोली भ्रमण के दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, जिला पंचायत चमोली के पूर्व अध्यक्ष लखपत बुटोला, कांग्रेस नगर अध्यक्ष योगेन्द्र बिष्ट, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश पुरोहित, वरिष्ठ नेता वाईएस वर्त्वाल उनके साथ रहे। गोदियाल ने भगवान गोपीनाथ और चामुंडा मंदिर में पूजा की। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई–टेंडर जिनके बंद होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेंडर संख्या/दिनांक | 13-DRM-MB-24-25 Date: 23.04.2024 | | |
| कार्य का नाम | Housekeeping and maintenance of officer's rest house at Dehradun, Haridwar, Rishikesh and Roorkee under Sr. DEN-I/MB | | |
| निविदा का प्रकार | सर्विस | | |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 09.05.2024 (16:00 hrs.) | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,24,30,531.76 | | |
| धरोहर राशि | ₹2,12,200.00 | निविदा फॉर्म की लागत | ₹5,000/- |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 25.04.2024 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | | |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 23.04.2024 1212/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### वैली ब्रिज की मरम्मत की मांग

चमोली : व्यापार संघ नारायणबगड़ ने पिंडर घाटी समेत संपूर्ण कुमाऊं क्षेत्र को जोड़ने वैली ब्रिज की मरम्मत की मांग को लेकर बीआरओ कमांडिंग ऑफिसर को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में बताया गया है कि नारायणगढ़ पुलिस चौकी के समीप बीआरओ के द्वारा कई वर्ष पूर्व वैली ब्रिज बनाया गया था, लेकिन वैली 4 ब्रिज क्षतिग्रस्त हो गया है। जिस पर कई प्लेटों पर छेद हो गए हैं और कई नेट बोल्ट भी ढीले हो गए हैं जिस कारण दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है व्यापार संघ अध्यक्ष जयवीर कंडारी ने बताया कि यदि बीआरओ के द्वारा शीघ्र ही उक्त पुल की मरम्मत नहीं कराई गई तो व्यापार संघ आंदोलन करने को मजबूर होगा। (एजेंसी)

### वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनें शुभम

चमोली : थराली के शुभम रावत का भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन होने पर चमोली जिले सहित पिंडर घाटी में खुशी का माहौल है। शुभम रावत के पिता खुशहाल सिंह रावत अध्यापक तथा माता प्रेमा रावत अध्यापिका है। शुभम की स्कूली शिक्षा उनके ननिहाल तलवाड़ी में हुई। स्नातक करने वे देहरादून चले गए। शुभम की सफलता पर तलवाड़ी के पूर्व प्रधान गोपाल सिंह फर्शवाण, प्रधान दीपा देवी, पूर्व उप प्रधान इंद्र सिंह फर्शवाण, सुभाष पिमोली, भगवत सिंह फर्शवाण, गौरव बिष्ट, खिलाफ सिंह रावत आदि ने शुभम को बधाई दी है। (एजेंसी)

### बदरीनाथ में मास्टर प्लान निर्माण कार्य में तेजी

चमोली : बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे। एक ओर जहां कपाट खुलने की तैयारियों में बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति और चमोली प्रशासन जुटा है। वहीं बदरीनाथ मास्टर निर्माण कार्य में फिर से तेजी आ गई है। शीतकालीन में अधिक बर्फबारी और ठंड के कारण मास्टर प्लान निर्माण कार्य में कुछ समय तक अवरोध रहा। लेकिन अब फिर से बड़ी संख्या में मजदूर बदरीनाथ पहुंच कर निर्माण कार्य में जुट गए हैं। (एजेंसी)

### वाहन न मिलने से राहगीर परेशान

चमोली : विकासखंड नारायणबगड़ थराली और देवाल में वैवाहिक सीजन होने से शहर के विभिन्न मार्गों में चलने वाली गाड़ियां बारात में लगने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। जिन रूटों में हर दस मिनट में गाड़ियां मिल जाती थी उस रूट में भी दोपहर में घंटों बैठकर भी यात्रियों को इंतजार करना पड़ रहा है। कर्णप्रयाग जाने वाली यात्री शीशराम ने बताया कि इस रूट में पहले दिन भर गाड़ियों चलती रहती थी। लेकिन विवाह में लगने के बाद से गाड़ियों की संख्या में कमी आ गई है। जिससे ग्रामीणों को बसों और छोटे वाहनों के लिए घंटों इंतजारी करनी पड़ रही है। (एजेंसी)

### गोल्डन कार्ड का लाभ न मिलने पर पेंशनर्स नाराज

देहरादून। उत्तराखंड सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन ने गोल्डन कार्ड का लाभ न मिलने पर नाराजगी जताई। शासन समेत आयुष्मान स्वास्थ्य प्राधिकरण पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। जल्द गोल्डन कार्ड का पूरा लाभ न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी। संगठन अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कृषाली ने कहा कि पिछले लंबे समय से पेंशनर्स को सिर्फ झूठे आश्वासन दिए जा रहे हैं। किसी भी मांग को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। शासन, सरकार के स्तर पर मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव, सीईओ समेत तमाम लोगों की अध्यक्षता में बैठकें हो चुकी हैं। हर बार यही आश्वासन दिया जाता है कि जल्द सभी लाभ सुनिश्चित कराए जाएंगे।

### नीती के थाई टॉप से स्की करने वाले पहले व्यक्ति बने लवी

देहरादून। भारत के प्रथम गांव नीती निवासी लवी सिंह बड़वाल यहां के थाई टॉप से स्की करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। वो अकेले ही नीती के थाई टॉप तक पहुंचे। लवी ने प्रदेश सरकार से नीती घाटी को स्की डेस्टिनेशन बनाने की मांग की है। लवी एक पर्वतारोही, सर्टिफाइड स्कि इंस्ट्रक्टर, ट्रेक लीडर, मार्शल आर्टिस्ट है। उन्होंने स्की के कोर्स मनाली हिमाचल प्रदेश से किए हैं। 2021 में उन्होंने साइकिल से देहरादून से नीती और माणा घाटियों का सफर किया। इसके बाद वो 2022 में माना पास ( 5632 मीटर), नीती पास (5064 मीटर) और पार्वती कुंड (4700 मीटर) को साइकिल से अकेले पूरा करने वाले पहले व्यक्ति बने।

# जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने किया श्री केदारनाथ धाम से गौरीकुंड तक पैदल निरीक्षण

## यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चर रात्रि में नहीं करेगें विश्राम : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने श्री केदारनाथ धाम से गौरीकुंड तक यात्रा मार्ग का पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं तैयारी का जायजा लिया। यात्रा मार्ग पर सेंचुरी एरिया एवं वन क्षेत्र में घोड़े-खच्चरों की लीद से घास के मैदान एवं वन संपदा को हो रही क्षति पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने पूरे यात्रा मार्ग में घोड़े-खच्चरो के रात्रि विश्राम को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके साथ ही संवेदनशील एवं डेंजर जोन में किसी भी हाल में दुकान एवं फड़ न लगने देने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए। जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवाड़ एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रूप से पूरे यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर रोजगार की दृष्टि से महत्पूर्ण स्थानों को चिह्नित करते हुए दुकान एवं टेंट के लिए प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संवेदनशील एवं डेंजर जोन चिन्हित करने के निर्देश देते हुए सभी स्थानों पर साईनेज लगाने एवं ऐसे स्थानों पर किसी भी हाल में दुकान एवं फड़ न लगने देने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने सोमवार को श्री केदारनाथ धाम में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित एजेंसियों से प्रगति रिपोर्ट जानी। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर से लेकर गोल चबूतरे, मंदाकिनी एवं सरस्वती घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों के अलावा अन्य निर्माण



कार्य का जायजा लेते हुए आगामी यात्रा से पहले सभी प्राथमिक सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। इसके साथ ही आस्था पथ, वाटर एटीएम सहित अन्य कार्य भी यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके बाद गौरीकुंड तक यात्रा मार्ग का पैदल निरीक्षण कर बिजली-पानी, स्ट्रीट लाइट, रेन शेड, रेलिंग एवं मार्ग से जुड़े सभी कार्य यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए।

जिलाधिकारी ने यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की लीद से घास के मैदान एवं वन संपदा को हो रही क्षति की भरपाई एवं सेंचुरी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए गौरीकुंड से लेकर श्री केदारनाथ धाम स्थित घोड़ा पड़ाव तक घोड़े- खच्चरों के रात्री विश्राम पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही टेंट या दुकानों की आड़ में भी घोड़े-खच्चरों को यात्रा मार्ग पर रुकने की अनुमति नहीं होगी। बताया कि माननीय न्यायालय ने सेंचुरी क्षेत्रों में घास के मैदानों का दोहन किसी भी हाल में न होने देने के आदेश दिए हैं। ऐसे में श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चर एवं उनके मालिकों द्वारा अवैध रूप से नियमों का उल्लंघन कर वन संपदा के दोहन को रोकने के लिए यह निर्णय लिया जा रहा है। इस वर्ष से घोड़े-खच्चर केवल घोड़ा पड़ावों पर ही विश्राम कर सकेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले घोड़े-खच्चर मालिकों एवं व्यवसाइयों पर भारी जुर्माना एवं लाइसेन्स रद्द करने तक की कार्रवाई का प्रावधान रखा जाएगा। जिलाधिकारी ने घोड़े- खच्चरों एवं उनके मालिकों की सुविधा के लिए छोटी लिंचोली के समीप घोड़ा पड़ाव बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश लोनिवि को दिए हैं

ताकि अवैध जगहों के स्थान पर प्रशासन द्वारा बनाए जा रहे सुविधाजनक स्थानों पर घोड़े- खच्चर रह सकें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवाड़, लोनिवि एवं सुलभ इंटरनेशनल के कर्मचारी मौजूद रहे।

# वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर में मनाई गई हनुमान जयंती

देहरादून। माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव में मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सामूहिक संगीतमई सुन्दर काण्ड पाठ और हनुमान जी की 365 कुंतल वजनी दक्षिण मुखी मूर्ति का फूलों से अभिषेक किया गया।

सुबह सबसे पहले श्री हनुमान जी की सिंदुरिया मूर्ति पर चमेली के तेल के साथ सिंदूर का चोला चढ़ाया गया।

नए वस्त्र आभूषण धारण करवाकर विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके बाद मंदिर के संस्थापक आचार्य डा. बिपिन जोशी व पंडित कमल जोशी और मंडली की ओर से संगीतमई सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ किया गया। डा. जोशी ने कहा 500 साल के संघर्ष और हजारों लोगों की कुर्बानी और बलिदान से अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला हनुमान जन्मोत्सव है।

सभी को निष्काम भाव से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारत को विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनाने के महा अभियान में अपना अंशदान देना चाहिए।

इस अवसर पर डा. मथुरा दत्त जोशी, भगवती जोशी, राम सेवक शर्मा,योग शिक्षिका गीता जोशी, पंडित कमल जोशी, पंडित गणेश बिजलवान, हर्षपति रयाल, अरविंद बडोनी, सन्तोष ढोढ़ियाल और राजू कश्यप सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के जीवन पर डाला प्रकाश

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय में मंगलवार को गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने बीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के जीवन पर प्रकाश डाला।

23 अप्रैल 1930 का पेशावर विद्रोह इतिहास में पेशावर कांड के नाम से जाना जाता रहा है। जब बीर चन्द्र सिंह गढ़वाली के नेतृत्व में गढ़वाली सैनिकों ने पेशावर के किस्साखानी बाजार में देश की आजादी के आन्दोलन की कड़ी में सत्याग्रह कर रहे पठान जनता पर गोली चलाने से इन्कार कर दिया था। वक्ताओं ने विस्तार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। गोष्ठी में जिलासचिव राजेन्द्र पुरोहित, देहरादून सचिव अनन्त आकाश,पछवादून सचिव कमरूद्दीन, सदस्य सचिव मंडल लेखराज, एसएफआई के प्रदेश अध्यक्ष नितिन मलेठा, महामंत्री हिमान्शु चौहान आदि मौजूद थे।

# चार धाम यात्रा को लेकर 2 मई को होगा मॉक अभ्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चारधाम यात्रा के दौरान प्राकृतिक आपदा की घटना घटित होने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों को अमल में लाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मॉक अभ्यास किया जाएगा। इसके अतंगर्त चारधाम यात्रा से जुड़े सभी जिलों में 30 अप्रैल को टेबल टॉप एक्सरसाइज और 02 मई को मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा।

मॉक अभ्यास को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने वीसी के माध्यम से आपदा प्रबंधन कार्यों का प्रस्तुतीकरण देते हुए राहत एवं बचाव तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और यात्रा के दौरान संभावित आपदाओं के प्रति सजग करते हुए आपदा से निपटने के लिए मॉक अभ्यास का पूरी तैयारी के साथ अयोजन




कराने पर जोर दिया। वीसी में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश सहित सभी संबधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# हनुमान जयंती पर निकाली शोभायात्रा

हरिद्वार। हनुमान जयंती पर्व पर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के पौराणिक तीर्थ दुख हरण हनुमान मंदिर में पवन पुत्र हनुमान की विशेष पंचरात्र पूजा–अर्चना की गई और नया चोला चढ़ाकर अभिषेक किया गया। इससे पूर्व नगर में जूना अखाड़े के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत महेशपुरी, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरी, श्रीमहंत सुरेशानंद सरस्वती, श्रीमहंत पूर्ण गिरी, श्रीमहंत पशुपति गिरी, कोठारी महंत महाकाल गिरी, महंत गोविंद गिरी, महंत धीरेंद्र पुरी, महंत ग्वालापुरी, महंत रतन गिरी आदि के संयोजन में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजों तथा सुंदर झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा में हरियाणा पंजाब के अतिरिक्त सैकड़ों स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हनुमान जयंती पर श्री दुख हरण हनुमान मंदिर में गत दो दिनों से चल रहे सुंदरकांड का समापन कर विशिष्ट यज्ञ किया गया। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल



भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि तथा दुख हरण हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत आनंद गिरि के संयोजन में एक विशाल संत सम्मेलन भी आयोजित किया गया। जूना अखाड़े के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमहंत केदारपुरी की अध्यक्षता और राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत देवानंद सरस्वती के संचालन में महामंडलेश्वर श्रीमहंत हरी चेतनानंद गिरी ने हनुमान जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हनुमान जी का प्रकट उत्सव है। उन्होंने कहा कि पौराणिक कथाओं में वर्णन है कि हनुमान ने बाल्यावस्था में सूर्य को फल समझकर निगल लिया था।

## हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई

देहरादून। हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के मंदिरों में विशेष आयोजन किए गये। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन कर परिवार की खुशहाली की कामना की। वहीं हनुमान जयंती पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया व सुबह से ही भजन कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मसूरी देहरादून मार्ग पर स्थित श्री हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। धूमनगंज स्थित सर्व समिति श्री बालाजी हनुमान मंदिर में सुबह गणेश पूजन किया गया। महिलाओं द्वारा कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया। मंदिर के पुजारी गजेंद्र दत्त शास्त्री ने बताया कि सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। गनहिल स्थित शनिदेव मंदिर में हनुमान जंयती पर विशेष पूजन, हवन व चोला चढाया गया, वहीं भंडारे का आयोजन किया गया।

# मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने को बने एक्शन प्लान

देहरादून। मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जोर दिया। कृषि विभाग के वार्षिक एक्शन प्लान 2024 –25 के लिए गठित राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक में क्रॉप कटिंग में तकनीक, सेंसर और ड्रोन के इस्तेमाल के निर्देश दिए।

सचिवालय में हुई एसएलएससी की बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए कि प्रदेशभर की अनुपयोगी भूमि को चिन्हित किया जाए। उसमें मिलेट्स मंडुआ, झंगोरा, स्थानीय दालों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। मिलेट्स की खेती को राज्य में प्रोत्साहित करने को एक्शन प्लान पर युद्ध स्तर पर काम किया जाए। कहा कि राज्य में महिलाएं कृषि कार्यों में अधिक संख्या में शामिल हैं। ऐसे में फार्म मशीनरी का विकास महिलाओं की सुविधाओं के अनुकूल किया जाए। क्रॉप कटिंग में तकनीक का भी अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए। कहा कि राज्य में सरकारी निर्माण एवं विद्यालयों के भवनों के निर्माण में अधिक से अधिक बांस के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। इस संबंध में जल्द एक एक्शन प्लान बनाया जाए। एक्शन प्लान में सॉइल हेल्थ कार्ड के डिजिटाइजेशन तथा किसानों को सभी तरह की सूचनाए उपलब्ध कराने को मोबाइल एप विकसित किया जाए। बैठक में सचिव विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस सरकारों में देश की आंतरिक सुरक्षा को पहुंचा आघातः महाराज

देहरादून। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि कांग्रेस सरकारों में देश की आंतरिक सुरक्षा को बड़ी चोट पहुंची है।

मोदी सरकार ने अब इसे दुरस्त ही नहीं किया, बल्कि दुनिया के सामने देश का गौरव भी बढ़ाया है। रायपुर और कांकरे लोकसभा क्षेत्र (छत्तीसगढ़) में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभाओं में महाराज ने कहा कि कांग्रेस सनातन विरोधी है। उसके सहयोगी सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए अक्सर विवादित बयान देते रहे हैं। अब वे भारत को जाति के आधार पर विभाजित करने के साथ–साथ विकास में बाधा डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और फिर भाजपा ने अपने 15 साल के कार्यकाल में इसे निरंतर संवारने का काम किया। कांग्रेस को हराकर भाजपा ने प्रदेश में फिर से अपनी सरकार बनाई और आदिवासी समाज से पहला मुख्यमंत्री भी दिया। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि जिस प्रकार से आपने प्रदेश में भ्रष्ट कांग्रेस की सरकार को हटाकर कमल खिलाया वैसे ही आपने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाना है। महाराज ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान, महिला और युवा सबके विकास के लिए डबल इंजन सरकार चला कर सबका साथ और सबका विकास करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार छत्तीसगढ़ को नक्सली ताकतों से निजात दिलाने का प्रयास करेगी, इसके लिए केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा जरूरी है। महाराज ने आज प्रदेश में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और लव जिहाद, अपराधों से मुक्त करने के लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार जरूरी है।

## सेंट जार्ज दिवस पर छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

देहरादून। सेंट जॉर्ज कॉलेज मसूरी में सेंट जॉर्ज दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बद्रर रमेश अमलानाथन और स्पोर्ट्स सेक्रेटरी इसीडोर टिर्की ने किया। इस मौके पर सेंट जार्ज के जीवन पर आधारित मनमोहक नाटिका प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्य रमेश अमलानाथन ने इमेज माइंडस् के माध्यम से बनाई गई सेंट जॉर्ज की पेंटिंग का अनावरण किया।

विद्यालय के क्वॉयर ने मधुर गीत प्रस्तुत किया। पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के द्वारा भी सेट जॉर्ज के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र–मुग्ध कर दिया।

# डीबीयूयू बना टेक्नो फेस्ट का चैंपियन

देहरादून। देव भूमि उत्तराखंड विवि अंतरराष्ट्रीय टेक्नो फेस्ट नवधारा का चैंपियन बना है। जबकि यूपीईएस इसमें दूसरे स्थान पर रहा। देवभूमि उत्तराखंड विवि में चल रहे इस दो दिवसीय फेस्ट और हायर एजुकेशन कान्क्लेव का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। इस दौरान विजेता टीमों को पांच लाख के इनाम भी दिए गए। दो दिन तक चले नवधारा टेक्नो फेस्ट में देशभर की लगभग 100 से अधिक टीमों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए वर्किंग मॉडल्स प्रदर्शित किये। इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत टेक्निकल कॉम्पटीशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक कुशलता का बेहतरीन नमूना पेश किया। टेक्नो फेस्ट के अंत में विजेताओं की घोषणा की गयी, जिसमें पांच लाख रुपये की धनराशि पुरस्कार स्वरुप प्रदान की गयी। इस दौरान देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी की टीम ने प्रिया झा के नेतृत्व में अपने वर्किंग मॉडल से सभी का दिल जीतते हुए प्रथम स्थान हासिल कर डेढ़ लाख रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की। उच्च शिक्षा में वैश्वीकरण पर बोलते हुए डीआईटी यूनिवर्सिटी के उपकुलपति प्रोफ़ेसर डॉ प्रियदर्शन पात्रा और आईएचसीएल सेलेक्शंस के महाप्रबंधक विकास नागर ने कहा कि विश्व पटल पर सांस्कृतिक विविधता, पाठ्यक्रमों का अंतर्राष्ट्रीयकरण, व्यापक शोध कार्य जैसे बड़े बदलाव छात्रों को एक सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। लेकिन हमें अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने के कड़े प्रयास करने होंगे। वहीं आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ अनिल सुब्बाराव और हीरो मोटो कॉर्प के मैन्युफैक्चरिंग हेड सुनील कुमार ने रोज़गारपरक शिक्षा पर ज़ोर दिया। आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ प्रोफ़ेसर डॉ इंदरदीप सिंह ने स्कूली शिक्षा से उच्च शिक्षा में होते बदलाव पर पेश आने वाली दिक्कतों पर चर्चा की।

इस दौरान विवि के उपकुलाधिपति अमन बंसल, कुलपति प्रोफ़ेसर प्रीति कोठियाल, उपकुलपति डॉ आरके त्रिपाठी, डीएए डॉ संदीप शर्मा और मुख्य सलाहकार डॉ एके जायसवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम ने कैमल बैक सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण किया

देहरादून। कैमल बैक रोड पर लंबे समय से पेयजल निगम के द्वारा सीवर खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम डा. दीपक सैनी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को सुरक्षा के इंतजाम करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम ने निरीक्षण के बाद बताया कि सीवर लाइन बिछाने को रोड को खोदा गया है लेकिन मार्ग संकरा होने के कारण वहां पर आने जाने में आम जनता को परेशानी हो रही है लेकिन रोड पर हार्ड रॉक आने के कारण खुदाई में विलंब हो रहा है। एसडीएम डा. दीपक सैनी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि वह प्रतिदिन कार्य प्रगति की रिपोर्ट दें ताकि पता चल सके कि कितना कार्य हो चुका है वहीं निर्देश दिए कि आने जाने वालों की सुरक्षा को देखते हुए बैरिकेटिग करने



के साथ ही रिफलेक्टर वाले कॉशन टेप लगायी जाय ताकि किसी को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि कुछ काम किया जा चुका है व अभी पचास से साठ मीटर का कार्य अभी और होना है। वहीं जनता से भी अनुरोध किया कि वे इस रास्ते का उपयोग न करे बहुत जरूरी होने पर उपयोग करें व कार्यस्थल पर सावधानी बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि अभी करीब 15 दिन लगेंगे व कोशिश होगी कि सीजन से पूर्व कार्य पूरा कर लिया जाय।

## कौलागढ़ में पेड़ों को ट्री गार्ड से मुक्त करवाया

देहरादून। पृथ्वी दिवस पर पेड़ों को ट्री गार्ड से मुक्त करने के लिए अभियान शुरू किया गया। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले लोगों ने शुरू किया है। मंगलवार को राजेंद्रनगर कौलागढ़ रोड पर लोहे से बने ट्री गार्ड को हटाकर 20 पेड़ों को बंधन मुक्त किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि छोटे पेड़ों को नुकसान से बचाने के लिए उनके चारों ओर लोहे के ट्री गार्ड लगाए तो जाते हैं, जब पौधे पेड़ बन जाते हैं तो ट्री गार्ड नुकसान पहुंचात हैं। अभियान में हिमांशु अरोड़ा, इरा चौहान, रुचि सिंह राव, जया सिंह आदि मौजूद रहे।

## हरीश रावत करते हैं सनातन पर ढ़ोंग : चौहान

देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सनातन को लेकर ढोंग करते हैं और तुष्टिकरण के लिए हनुमान जयंती के रूट को बदलने की पैरवी कर रहे हैं। मंगलवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए चौहान ने कहा कि हरीश रावत तुष्टिकरण की राजनीति करते करते सनातन विरोधी भगवनाओं को हवा देने मे जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि हरदा शांतिपूर्ण और सभी पक्षों से संयम की अपील के बजाय जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को निशाने पर ले रहे हैं। उन्होंने प्रशासनिक मशीनरी को धमकाने के लिए भी पूर्व सीएम हरीश रावत की कड़ी निंदा की। कहा कि हार को सामने देख कांग्रेस के नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसी धमकियों से कानूनी प्रक्रिया प्रभावित नहीं होने वाली है और भाजपा संवैधानिक सिस्टम और जनता के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com